

सिकरिया में तीन दिन पहले बारात में हुए विवाद से जुड़ रहे गोलीकांड के तार

काशी घाट मैदान में दिनदहाड़े 10 से 12 राउंड फायरिंग से दहशत

- दो गुटों के बीच विवाद के बाद फायरिंग की चर्चा, पुलिस जांच में जुटी, मौके से नहीं मिला ठोस साक्ष्य

प्रतिनिधि, बिक्रमगंज.



घटनास्थल पर मौजूद डीएसपी सिंधु शेखर सिंह और और पुलिस बल.

शहर के चर्चित काशी घाट मैदान में बुधवार की दोपहर गोलीबारी की सूचना से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी. जानकारी के अनुसार बीते माह जिस स्थल पर भव्य महायज्ञ का आयोजन हुआ था, वहीं दो गुटों के बीच विवाद के बाद करीब 10 से 12 राउंड फायरिंग होने की बात सामने आयी है. हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे काव नदी के दक्षिण छोर से कुछ युवक हथियारों के साथ काशी घाट पहुंचे. वहीं उत्तर दिशा में मौजूद दूसरे गुट के युवक भी अस्त्र-शस्त्र से लैस थे. दोनों पक्षों के बीच पहले गाली-गलौज हुई, जिसके बाद फायरिंग शुरू हो गयी. लगातार गोली चलने की आवाज से आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे. स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस घटना का संबंध तीन दिन पूर्व सिकरिया गांव में आयी एक बारात के दौरान हुए विवाद से हो सकता है. बताया जाता है कि बारात में दो पक्षों के युवकों के बीच कहासुनी के बाद एक गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था. स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस की मौजूदगी में बारात की गाड़ियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था. माना जा रहा है कि बुधवार की घटना उसी विवाद की अगली कड़ी हो सकती है. हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है.स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस के पहुंचने की सूचना मिलते ही दोनों पक्षों के युवक मौके से फरार हो गये. सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और गोलियों के खोखे तलाशे, लेकिन कोई ठोस साक्ष्य हाथ नहीं लगा.

यज्ञ से पहले भी होती थी छींटाकशी

काशी घाट के पास टहलने आने वाली महिलाओं ने बताया कि महायज्ञ से पहले काव नदी के दक्षिण छोर से आने वाले कुछ युवक अक्सर छींटाकशी और रोड़ेबाजी करते थे. यज्ञ के बाद मामला शांत हो गया था, लेकिन बुधवार को अचानक गोली चलने की आवाज से लोग सहम गये. वहीं काशी घाट सूर्य मंदिर कमेटी के अध्यक्ष धीरज गिरी ने बताया कि पहले कुछ युवक परेशानी उत्पन्न करते थे, लेकिन हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया था. बुधवार की घटना के कारणों की जानकारी उन्हें नहीं है.

क्या कहते हैं डीएसपी

मौके पर पहुंचे डीएसपी सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि गोलीबारी की घटना फिलहाल अफवाह प्रतीत हो रही है, लेकिन इससे पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता. मामले की जांच की जा रही है. मौके से कोई साक्ष्य बरामद नहीं हुआ है.

55 लीटर महुआ शराब बरामद, पांच तस्कर फरार

सूर्यपुरा/ दावथ. दावथ पुलिस ने थाना क्षेत्र के तिलकपुरा छलका के पास छापेमारी कर 55 लीटर महुआ शराब और निर्माण सामग्री बरामद की है. हालांकि पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही पांच तस्कर मौके से फरार हो गये. थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजीयरा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तिलकपुरा छलका के पास छापेमारी की गयी. पुलिस को देखते ही शराब निर्माण कार्य में लगे पांच लोग भागने में सफल रहे.

छापेमारी के दौरान मौके से 55 लीटर महुआ शराब और शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गयी. मामले में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के डिहरा गांव निवासी मुन्ना सिंह, टुन्ना सिंह और मंजीराम सहित दो अज्ञात तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है.

जनसुराज ने परिवारवाद और जंगलराज को लेकर राज्य सरकार पर साधा निशाना

- शहर के एक निजी होटल में जनसुराज ने की प्रेसवार्ता

प्रतिनिधि, सासाराम ग्रामीण



प्रेसवार्ता करते जनसुराज के जिलाध्यक्ष व अन्य.

शहर के फजलगंज स्थित एक निजी होटल में बुधवार को जनसुराज पार्टी की ओर से आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि रंजन सिंह ने बिहार सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार है, जिसका शीर्ष नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी कर रही है. जिस परिवारवाद और जंगलराज के विरोध में भाजपा लड़ाई लड़ती रही, अब वही स्थिति बिहार में देखने को मिल रही है. उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है और इसे कोई नकार नहीं सकता. जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार गठन के छह महीने बाद भी चुनावी वादे पूरे नहीं हुए हैं. चुनाव के दौरान युवाओं को रोजगार और नौकरी देने का वादा किया गया था, लेकिन आज नौकरी मांगने वाले युवाओं पर लाठियां बरसायी जा रही हैं और उन पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है.उन्होंने कहा कि टीआरई-4 अभ्यर्थी अब भी आंदोलन कर रहे हैं. यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो जनसुराज पार्टी भी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी.वहीं विनोद तिवारी ने आरोप लगाया कि सरकार अपने चुनावी घोषणाओं को पूरा करने में विफल रही है. उन्होंने कहा कि न तो रोजगार मिला और न ही नौकरी, जिसके कारण लोग पलायन को मजबूर हैं. महिला जिलाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने कहा कि महिलाओं को 10 हजार रुपये देकर रोजगार के नाम पर ठगने का काम किया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने महिलाओं को दो लाख रुपये तक सहायता देने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ है.जनसुराज नेताओं ने कहा कि सरकार जनता से किये गये वादों को निभाने में पूरी तरह असफल रही है. मौके पर प्रदीप चंद्रवंशी, विनय सिंह और युवा अध्यक्ष बलजीत यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

30 मई को होगा सशक्त स्थायी समिति का चुनाव

- गुप्त मतदान से चुने जायेंगे समिति के सदस्य
- चुनाव को लेकर नगर पंचायत में तेज हुई सियासी हलचल

प्रतिनिधि, कोचस.

30 मई को नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव सासाराम प्रखंड स्थित सद्भावना भवन में गुप्त मतदान के माध्यम से कराया जायेगा. इसकी जानकारी नगर इओ ओमप्रकाश सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम की ओर से संबंधित पार्षदों को सूचना दे दी गयी है.डीएम का पत्र मिलते ही नगर पंचायत कोचस में सियासी हलचल तेज हो गयी है. बता दें कि इससे पहले सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चयन नगर अध्यक्ष द्वारा मनोनयन के आधार पर किया जाता था, जिससे समिति पर उनका सीधा प्रभाव रहता था. लेकिन नये संशोधन के बाद अब पार्षदों के गुप्त मतदान और बहुमत के आधार पर समिति का गठन होगा. इससे समिति को निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से निर्णय लेने में सहूलियत मिलेगी. इसी कारण पार्षदों के समर्थन को लेकर नगर क्षेत्र में जोड़-तोड़ की चर्चा भी तेज हो गयी है. माना जा रहा है कि चुनाव के जरिये चुने जाने वाले सदस्य स्वतंत्र होंगे, जिसका असर स्थानीय प्रशासन और विकास कार्यों पर भी दिखेगा. सशक्त और प्रभावशाली समिति के गठन की संभावना को देखते हुए पार्षदों में सदस्य बनने की ललक बढ़ गयी है. विभिन्न खेमे पार्षदों को अपने पक्ष में करने के लिए सक्रिय हो गये हैं और समर्थन जुटाने की कवायद शुरू हो गयी है.नगर पंचायत चुनाव के बाद अब तक स्थायी समिति का गठन नहीं होने से विकास कार्य प्रभावित थे. ऐसे में समिति गठन की तिथि तय होने के बाद नगर क्षेत्र में खुशी का माहौल है.नयी चुनावी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की बात कही जा रही है, लेकिन पार्षदों से पक्ष में मतदान कराने के लिए लोभ-लालच और हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका भी जतायी जा रही है. चर्चा है कि नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों में मुख्य पार्षद अपने समर्थकों को समिति में शामिल कराने के लिए हरसंभव प्रयास कर सकते हैं. नयी व्यवस्था लागू होने की सूचना के साथ ही पार्षदों को अपने पक्ष में करने की रणनीति पर भी काम शुरू हो गया है.

बालू व्यवसाय में निवेश के नाम पर 13 लाख रुपये की ठगी का आरोप

नासरीगंज. बालू व्यवसाय में निवेश के नाम पर कथित रूप से 13 लाख रुपये ठगी किये जाने का मामला सामने आया है. इस संबंध में राजपुर थाना क्षेत्र के राजपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने नासरीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. दर्ज प्राथमिकी में पीड़ित ने अपने दोस्त सौरभ कुमार, उसके पिता विनोद सिंह और रौशन कुमार, तीनों निवासी हलवंत बिगहा को नामजद आरोपित बनाया है. आरोप है कि तीनों ने उन्हें विश्वास में लेकर और नोटरी के समक्ष एग्रीमेंट कर बालू व्यवसाय में निवेश के नाम पर उनसे 13 लाख रुपये ठग लिये. आवेदन के अनुसार आरोपितों ने हर वर्ष मुनाफे का 20 प्रतिशत देने का वादा किया था, लेकिन दो वर्षों तक कोई राशि नहीं दी गयी. दबाव बनाने पर सौरभ कुमार ने चार लाख और पांच लाख रुपये के दो चेक दिये, लेकिन दोनों चेक बाउंस कर गये. पीड़ित ने आरोप लगाया है कि गत 12 मई को जब उन्होंने अपनी पूरी राशि वापस मांगी, तो आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी. इस संबंध में अविनाश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर पुलिस गहन जांच-पड़ताल कर रही है. दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी.

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो साइकिल सवारों की गयी जान



तिलौथू- डेहरी मार्ग को जाम करते आक्रोशित ग्रामीण.

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया तिलौथू-डेहरी मार्ग को जाम

प्रतिनिधि, तिलौथू.

स्थानीय थाना क्षेत्र के राधा शांता महाविद्यालय के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो साइकिल सवार राजमिस्त्रियों की मौत हो गयी. घटना के संबंध में बताया जाता है कि तिलौथू थाना क्षेत्र के ही चटनी बीघा गांव निवासी राम सरेखा राम व इसी थाना क्षेत्र के चटनी बिगहा गांव निवासी राम रतन सिंह ये दोनों राजमिस्त्री का काम करते थे. राजमिस्त्री का काम करके किसी गांव से साइकिल पर सवार होकर वापस घर आ रहे थे, तभी राधा शांता महाविद्यालय के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों लोगों की मौत हो गयी है. घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है. वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने तिलौथू पीएचसी के पास तिलौथू-डेहरी मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है. खबर लिखे जाने तक पुलिस मौके पर पहुंच परिजनों को समझा बुझा रही थी.

भूमिहीनों को जमीन बंदोबस्ती के लिए सीओ ने किया स्थल निरीक्षण

राजपुर. क्षेत्र अंतर्गत कुझी गांव में भूमिहीन गरीबों को भूमि बंदोबस्ती दिये जाने को लेकर बुधवार को अंचलाधिकारी पिंटू कुमार चौधरी ने स्थल जांच की.जानकारी देते हुए सीओ ने बताया कि कुझी गांव निवासी बढ़ई जाति के स्वर्गीय रामचंद्र शर्मा का परिवार अत्यंत गरीब है और अब तक भूमिहीन श्रेणी में शामिल है. उनके पुत्र अयोध्या शर्मा के चार बेटे संजय शर्मा, अजय शर्मा, विजय शर्मा और धनंजय शर्मा का परिवार गांव की सरकारी जमीन पर मड़ई-टाटी लगाकर जीवन यापन कर रहा है.उन्होंने बताया कि परिवार के लोग लंबे समय से आवासीय भूमि बंदोबस्ती की मांग कर रहे थे. इसी को लेकर संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया है. मामले में कर्मियों को रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया है. सीओ ने कहा कि जल्द ही जरूरतमंद परिवारों को बंदोबस्ती संबंधी कागजात उपलब्ध करा दिये जायेंगे.

शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

दिनारा.नटवार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की देर शाम थाना क्षेत्र के सरांव गांव में छापेमारी कर 9.50 लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.नटवार थानाध्यक्ष रंजय कुमार ने बताया कि शराब कारोबार की सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सरांव गांव में छापेमारी की. इस दौरान सरांव निवासी मिट्ठू राम के पुत्र बबन राम को महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया.उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

नशे की हालत में तीन युवक गिरफ्तार

दिनारा. नटवार थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरिपुर पुल के पास गश्ती के दौरान पुलिस ने तीन व्यक्तियों को शराब के नशे की हालत में पकड़ा. जांच के दौरान तीनों के शराब सेवन की पुष्टि होने पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया. गिरफ्तार तीनों युवक महरोड़ गांव के निवासी बताये जा रहे हैं. शराब सेवन के आरोप में तीनों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें अग्रिम कार्रवाई के लिए सासाराम न्यायालय भेज दिया गया.

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पतियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पतियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9 (1) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

लॉट न.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1	शाखा:नटवार (080900) मेसर्स माँ कामाख्या मॉडर्न राइस मिल प्रा. लिमिटेड निवासी- ग्राम-तेनुअज, पोस्ट+थाना-नटवार, जिला-रोहतास, बिहार (802218) श्री राम बिहारी राय पिता स्वर्गीय सुरेश राय निवासी- ग्राम-तेनुअज, पोस्ट+थाना-नटवार, जिला-रोहतास, बिहार (802218) श्री परविन्द्र कुमार सिंह, निवासी- ग्राम-तेनुअज, पोस्ट +थाना-नटवार, जिला-रोहतास, बिहार (802218) श्रीमती जानकी कुँवर पति स्वर्गीय सुरेश राय, निवासी-महुली, पोस्ट- धारुपुर, थाना-बिक्रमगंज, जिला: भभुआ, (802212)	अचल संपत्ति स्थित: मौजा- तेनुअज, थाना संख्या- 296, रेव. थाना- दिनारा, जिला: रोहतास, खाता संख्या- 17, प्लॉट संख्या- 707, क्षेत्रफल- 28.50 डिसमिल। आरएम डीड संख्या 1678 दिनांक 11/03/2013 बन्धककर्ता: श्री राम बिहारी राय पिता स्वर्गीय सुरेश राय चौहद्दी: उत्तर-चतुरी साह, दक्षिण-विपिन बिहारी राय, पूर्व-नहर, पश्चिम-सड़क	क) 29.02.2016 ख) रु. 49,50,094/ + अतिरिक्त ब्याज एवं शुल्क ग) 04.08.2017 घ) सांकेतिक	क) रु. 41,18,250/- ख) रु. 4,11,825/- ग) रु. 50,000/-	दिनांक 08.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 08.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा | प्राधिकृत अधिकारी

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा
ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पतियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (गारंटरों) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पतियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 9 (1) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

लॉट न.	शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता	गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले)	(क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना की तिथि (ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि (ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा की तिथि (घ) कब्जे की प्रकृति	क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण
1.	शाखा- डेहरी ऑन सोन (060700) मेसर्स माँ सरस्वती मॉडर्न राइस मिल (प्रो. वसंत कुमार सिंह) निवासी-ग्राम- अयार कोठा, पोस्ट एवं थाना - दरिहट, जिला: रोहतास, बिहार-(821306) श्री बसंत कुमार सिंह पिता श्री नंद कुमार सिंह (प्रो. मेसर्स माँ सरस्वती मॉडर्न राइस मिल) निवासी-ग्राम एवं पोस्ट- पवनी, थाना- नासरीगंज, जिला: रोहतास, बिहार-(821310) श्री नंद कुमार सिंह पिता मुरलीधर सिंह निवासी-ग्राम एवं पोस्ट- पवनी, थाना- नासरीगंज, जिला: रोहतास, बिहार-(821310)	1) श्री नंद कुमार सिंह पिता मुरलीधर सिंह के नाम पर अचल संपत्ति विलेख संख्या 3184 दिनांक 01.05.1980 स्थित, मौजा- पवनी, थाना- नासरीगंज, उप रजिस्ट्री कार्यालय: सासाराम, जिला: रोहतास, खाता संख्या 147, प्लॉट संख्या 100, थाना संख्या 35, क्षेत्रफल- 37 डेसिमल। चौहद्दी: उत्तर- छावर, दक्षिण- रामदास सिंह, पूर्व- कामता सिंह, पश्चिम- मुरलीधर सिंह	क) 24-02-2016 ख) रु.22,55,412/- + अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य शुल्क ग) 24-06-2016 घ) सांकेतिक	क) रु. 6,29,000/- ख) रु. 62,900/- ग) रु. 50,000/-	दिनांक 08.06.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक	ज्ञात नहीं
		2) श्री नंद कुमार सिंह पिता मुरलीधर सिंह के नाम पर अचल संपत्ति डीड संख्या 10411 दिनांक 05.07.1982, मौजा-अयार कोठा, थाना-डेहरी, उप रजिस्ट्री कार्यालय: सासाराम, जिला: रोहतास, थाना संख्या 121, खाता संख्या 39/38, प्लॉट संख्या 36/85 क्षेत्रफल- 1 कट्ठा। चौहद्दी: उत्तर- निर्मल प्रसाद सिंह आदि, दक्षिण- निज प्लॉट हाजा, पूर्व- चार्ट सड़क, पश्चिम- सिवाना खुदरावां		क) रु. 12,31,000/- ख) रु. 1,23,100/- ग) रु. 50,000/-		

नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:
1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से08.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना | विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा | प्राधिकृत अधिकारी

THE SIWAN CENTRAL CO-OPERATIVE BANK LIMITED
Address: - Court Compound, Siwan Pin 841226
Ph:- +91 06154-291604/243849 | Email:- info@dccbsiwan.co.in

POSSESSION NOTICE
(Under Rule 8(1) of Security Interest Enforcement Rules, 2002)

Whereas, the undersigned being the Authorized Officer of **The Siwan Central Co-operative Bank Ltd** under the SARFAESI Act, 2002 and in exercise of powers under Section 13(12) read with Rule 8 issued Demand Notice dated 21/02/2026 under Section 13(2) calling upon the borrower **M/s Ritesh furniture, Prop- Tarkeshwar Singh, R/o Mahrajganj road, Tarwara, P.O-Tarwara. P.S- G.b nagar. Siwan, Bihar, pin-841506, Mob no-6299819523 to repay Rs. 6176689/- (sixty-one lakh seventy-six thousand six hundred eighty-nine rupees only).** The borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and public in general that the undersigned has taken symbolic/physical possession of the below mentioned secured asset under Section 13(4) of the Act on 14/05/2026

Description of immovable properties

Description of the immovable property

Property owned by:

All that part and parcel of the property consisting Khata No-154, Thana no 538, Touzi no-1505, Plot No 3703, Total Area 1.19 kathha (1 kathha 19 dhur) within the registration sub-district siwan and district Siwan. sale deed no. 12420 dtd 14/09/2012Bounded:On the North by: 1. Subhagiya devi 2. Vinod shah On the South by: 1. Bhajan Kamkar On the East by: 1. Champa Devi On the West by: 1. Pakki Road

The borrower/public are cautioned not to deal with the property. Any dealing shall be subject to the charge of The Siwan Central Co-operative Bank Ltd for recovery of dues with interest and charges.

Date: 20/05/2026 **Authorized Officer**
Place: Siwan **The Siwan Central Co-operative Bank Ltd**

THE SIWAN CENTRAL CO-OPERATIVE BANK LIMITED
Address: - Court Compound, Siwan Pin 841226
Ph:- +91 06154-291604/243849 | Email:- info@dccbsiwan.co.in

POSSESSION NOTICE
(Under Rule 8(1) of Security Interest Enforcement Rules, 2002)

Whereas, the undersigned being the Authorized Officer of **The Siwan Central Co-operative Bank Ltd** under the SARFAESI Act, 2002 and in exercise of powers under Section 13(12) read with Rule 8 issued Demand Notice dated 21/02/2026 under Section 13(2) calling upon the borrower **M/s Krishna Construction, Prop- Shri Krishna Raj, R/o vill-Barhan Gopal, P.O-Barhan Gopal. P.S- Siwan Muffasil. Siwan, Bihar, pin-841227, Mob no-7544947170 to repay Rs. 31121699.80/- (THREE CRORE ELELVEN LAKH TWENTY-ONE THOUSAND SIX HUNDRED NINTY NINE RUPEES AND EIGHTY PAISA ONLY).** The borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and public in general that the undersigned has taken symbolic/physical possession of the below mentioned secured asset under Section 13(4) of the Act on **14/05/2026**

Description of immovable properties

Property owned by:

All that part and parcel of the property consisting within the registration sub-district siwan and district Siwan. Registered equitable mortgage deed no. 54 dtd 04/08/2022.

SL NO.	VILLAGE	TAUJI NO.	THANA NO.	JAMABANDI NO.	KHATA NO.	SURVEY NO.	AREA	BOUNDARY
1	Mahadeva siwan Ward no- 8	5423	250	262	54	624	sawa 6 dhur	N-NIJI ROAD S-DUDHNATH SINGH E-ROAD PWD W-JAGARNATH CHAUDHARY
2	Mahadeva siwan marg no- 8	5423	250	262	195	638	sawa 6 dhur	N-NIJI ROAD S-DUDHNATH SINGH E-ROAD PWD W-JAGARNATH CHAUDHARY
3	Mahadeva siwan Ward no- 8	5423	250	262	54	624	sawa 6 dhur	N-NIJI RASTA S-DUDHNATH SINGH E-CHANPATI DEVI W-SHAIL DEVI
4	Mahadeva siwan marg no- 8	5423	250	262	195	638	sawa 6 dhur	N-NIJI RASTA S-DUDHNATH SINGH E-CHANPATI DEVI W-SHAIL DEVI
TOTAL AREA :- 25 Dhur								

The borrower/public are cautioned not to deal with the property. Any dealing shall be subject to the charge of The Siwan Central Co-operative Bank Ltd for recovery of dues with interest and charges.

Date: 20/05/2026 **Authorized Officer**
Place: Siwan **The Siwan Central Co-operative Bank Ltd**